महत्वपूर्ण एवं खास

सब्जियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि से बिगड़ा रसोई का बजट

रायपुर (आरएनएस)। सब्जियों के दामों में बेतहाशा वृद्धि होने से जहां धनिया पत्ती 120 रुपये प्रति किलो की दर पर बिक रही है वहीं अदरक के दामों में 80 रुपये किलो की हुई वृद्धि से गृहिणियों का बजट बिगड़ गया है। मिली जानकारी के अनुसार देश में चारों ओर अति वर्षा से जहां नदियों में बाढ़ आने से सब्जियां लेकर आने वाली गाडिय़ां जहां तहां पुल के ऊपर पानी बहने से लाइन में खड़ी हुई है वहीं सब्जियों की आवक राजधानी में नहीं पहुंचने की वजह से लोकल सब्जियों के दामों में हुई वृद्धि से लोगों के समक्ष सब्जियों को उचित मूल्य में खरीदने की समस्या पैदा हो गई। मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर की सब्जी मंडी में सब्जियों के दाम काफ ी हाई चल रहे हैं. एक किलो खरीदने वाले अब पाव या आधा किलो खरीद रहे हैं. लगातार बारिश के कारण सब्जियां काफी महंगी चल रही है. आलू, प्याज, टमाटर के दाम ही कम है. हरी सब्जियां के रेट ज्यादा है. मुनगा 60 रुपये किलो है. लौकी भी 30 रुपये किलो मिल रही है. धनिया पत्ती 120 रुपये किलो है. लहसुन के रेट ठीक है. अदरक 80 रुपये किलो है. पत्तेदार सब्जियां 30 रुपये किलो है.

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छग दौरे को लेकर शेड्यूल जारी

रायपुर (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का 27 अगस्त को छत्तीसगढ़ दौरे पर आएंगे। वे दोपहर 2:05 बजे राजधानी रायपुर पहुंचेंगे। फिर दोपहर 2:30 बजे सेक्टर 24 स्थित एनआईए बिल्डिंग का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद रायपुर के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में कार्यक्रम में शामिल होंगे। मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार को केंद्रीय मंत्री शाह राजधानी में अनेक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद शाम 5:15 बजे भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे। फिर शाम 7:20 बजे वापस दिल्ली रवाना होंगे।

मुआवजा व बस मालिक पर कार्यवाई को लेकर युवाओं ने किया चक्का जाम

जगदलपुर (आरएनएस)। जिला मुख्यालय के आमागुड़ा चौक के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर एक बार फिर नाराज युवाओं ने चक्काजाम कर दिया, इस दौरान मृतकों के फोटो लगे बैनर लेकर चक्काजाम करने पंहुचे थे। रायपुर-जगदलपुर राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बस से कार की टक्कर में 05 युवकों की मौत हुई थी। इस हादसे के बाद परिजनों सहित युवाओं ने बस चालक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए चक्काजाम कर 48 घंटे के अंदर कार्यवाही की मांग किया गया था। पायल ट्रेवल्स बस के मालिक और चालक पर एफआईआर और परिजनों को मुआवजा देने की मांग पर कोई कार्रवाई नहीं होने पर गुरूवार को फिर से चक्का जामकर बसों को रोका गया। करीब 01 घंटे तक रायपुर-जगदलपुर मार्ग बंद रहा। प्रशासनिक अमला पहुंचकर युवाओं को आश्वासन देने के बाद जाम खोल दिया गया।

रायपुर भिलाई के बीच ट्रैफिक जाम : एम्स के पास विशाल पीपल का पेड़ सड़क पर गिरा

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर के टाटीबंध स्थित एम्स अस्पताल के पास प्राचीन विशाल पीपल का पेड़ गिर गया है। इसकी वजह से रायपुर दुर्ग के बीच ट्रैफिक जाम है। किसी के हताहत होने की खबर नही है। नगर निगम और एस डी आर एफ टीम पेड़ को काट कर आवागमन सामान्य करने में जुट गई है। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पीपल का विशाल टाटीबंध स्थित एम्स अस्पताल के पास धराशायी हो गया। इसकी वजह से रायपुर और दुर्ग जिले के बीच ट्रैफिक जाम हो गया है। कई गाडिय़ां जाम में फंस गई हैं।

6 लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी एलबेंडाजोल की गोली

- राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस 9 सितंबर को, 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को दी जाएगी कृमिनाशक दवा
- स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग की होगी सामूहिक भागीदारी

रायगढ़। 9 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। बच्चों को पेट के कीड़ों के संक्रमण से बचाने के लिए जिले के लगभग 6 लाख से अधिक बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई जाएगी। खून की कमी और कुपोषण से लड़ने के लिए उक्त दिवस स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनाया जाएगा, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की समान भागीदारी होगी। इस दिन बच्चों को निःशुल्क एलबेंडाजोल गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें 14 सितंबर को मॉप उप राउंड में दवा दी जाएगी।

इस संबंध में सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने बताया: " दवा का सेवन कराने का मुख्य उद्देश्य पेट के कीड़ों के संक्रमण से बच्चों को बचाने के साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के स्तर में सुधार लाना भी है। 9 सितंबर को प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, मदरसा, निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों में एलबेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। सितम्बर माह में चलने वाले कार्यक्रम के लिये राज्य से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार जिले के समस्त विकासखंड को दिशानिर्देश भी भेजे जा चुके है। बच्चों को दवाई स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी मितानिन और एएनएम के माध्यम से दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली (200 एमजी) एलबेंडाजोल पीसकर तथा 2 से 3 के बच्चों को एक पूरी गोली पीसकर व 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली (400 एमजी) की दवा अभियान के तौर खिलाई जाएंगीं और जो बच्चे छूट जाएंगें उनको मॉप उप राउंड में यह दवा खिलाई जाएंगी।"

राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के नोडल अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने बताया: "किसी भी बच्चे को जबरदस्ती दवा सेवन नहीं कराया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी लेने के बाद जो बच्चे बीमार हैं या अन्य कोई दवाई ले रहे हैं तो उन्हें कृमि नाशक की दवाई नहीं खिलाई जाएगी। बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दवाई घर नहीं ले जाने दिया जाएगा। बच्चों को दवाई हमेशा सामने ही खिलाया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि आमजन और संबंधित विभाग के कर्मचारी-अधिकारी इस अभियान में सहयोग करते हुए रायगढ़ जिले को कृमि मुक्त जिला बनाने में सहयोग करें।"

उन्होंने आगे बताया: "एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है। प्रतिकूल प्रभाव यदि हो तो प्रबंधन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की व्यवस्था रहेगी। 104 और 108 वाहन किसी भी प्रतिकूल स्थिति के तैयार रहेंगे। साथ ही 18001803024 टोल फ्री नंबर पर भी सहायता मिलेगी।

दवा खिलाने के लिए विशेष प्रशिक्षण- छत्तीसगढ़ में भी 2015 से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम से इसकी शुरूआत हुई है। कृमि मुक्ति दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रशासनिक तैयारी शुरू कर ली गई है। गाइडलाइन के अनुसार स्वास्थ्य कार्यकर्ता,एएनएम सुपरवाइजर को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण जाएगा। जिसमे आयु के अनुसार एल्बेंडाजोल खिलने की विधि बतायी जाएगी। इस वर्ष बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों, एवं शासकीय विद्यालयों, शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालय, मदरसों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी।

चोरी की बाइक बेचने घूम रहा युवक आया छाल पुलिस के हाथ, आरोपी ने कबूला नवापारा से बाइक चोरी करना

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने के दिये गये दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा अपने स्टाफ को मुखबिर लगाकर संदिग्धों की धरपकड़ के निर्देश दिये गये हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 25.08.2022 को छाल पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के संदेह में ग्राम बोजिया बस्ती पर संदेही मानसिंह राठिया पिता सुखसिंह राठिया उम्र 20 वर्ष निवासी ऐडुकला थाना छाल को हिरासत में लिया गया। थाना प्रभारी छाल को सूचना मिली थी कि मानसिंह राठिया चोरी की मोटर सायकल रखे हुये है। संदेही के पास एक मोटरसाइकिल बजाज एक्स सीडी CG 12 N-3828 की जब्त किया गया है। संदेही मानसिंह राठिया द्वारा मोटरसाइकिल को नवापारा छाल से चोरी करना स्वीकार किया है। थाना छाल में आरोपी मानसिंह राठिया पर धारा 41(1+4)CrPC/379 IPC की कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, प्रधान आरक्षक दादुलाल सिदार, आरक्षक हरेंद्र पाल सिंह, दिलीप कुमार सिदार, गोविंद राम बनर्जी शामिल थे।

सम्पत्ति विवाद में एक-दूसरे से लड़ झगड़ रहे दो भाईयों पर संगीन धाराओं में काउंटर अपराध दर्ज

रायगढ़। रायगढ़ के शनिमंदिर में पूजा कराने वाले दो भाई अभिनव शर्मा और अभिषेक शर्मा के बीच मंदिर की संपत्ति तथा पुराने घरेलू विवाद को लेकर विवाद है। दिनांक 09.08.2022 को विवादित भूमि के दिवाल को ढहाने को लेकर दोनों पक्ष एक दूसरे से झगड़ा, मारपीट किये। घटना की रिपोर्ट दोनों पक्षों द्वारा थाना सिटी कोतवाली में दर्ज कर कार्यवाही करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया था। मामले में आरोपीगण जमानत पर हैं।

दोनों पक्षों की ओर से महिलाओं द्वारा एक दूसरे के विरूद्ध आवेदन पत्र दिया गया था जिसकी जांच कर कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा एक और काउंटर अपराध दोनों भाईयों के विरूद्ध दर्ज किया गया है।

जानकारी के मुताबिक प्रार्थिया शालिनी शर्मा पति अभिनव शर्मा पता नया शनि मंदिर शहीद चौक रायगढ तथा उसके पति अभिनव शर्मा अपना बयान दर्ज कराते हुए घटना दौरान मारपीट का मोबाइल से रिकार्डिंग विडियो पेश किया गया जिसमें अनावेदक अभिषेक शर्मा द्वारा दिनांक घटना समय दिनांक 04.08.22 को सुबह 11:31 बजे लोहे के बडे चाकू लेकर जान से मारने की नियत से फेंक कर वार किया गया, शिकायत जांच पर आरोपी अभिषेक शर्मा पर धारा 294,506,307 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं प्रार्थिया श्रीमति निशा शर्मा पति अभिषेक शर्मा उम्र 36 वर्ष पता नया शनि मंदिर शहीद चौक रायगढ के कथन एवं प्रस्तुत साक्ष्य पर शिकायत जांच में अभिनव शर्मा द्वारा एक लोहे का राड लेकर घर घुसकर गाली गलौच मारपीट करना पाये जाने पर धारा 452, 458,294, 506,323 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। दोनों मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी करना शेष है। कोतवाली पुलिस आरोपियों पर पृथक से प्रतिबंधक कार्यवाही करने अपराधिक रिकार्ड तैयार किया गया है।

चोरी के दो मामलों में चक्रधरनगर पुलिस के हाथ आये तीन चोर और एक खरीददार कबाड़ी

- चोरी और नकबजनी के अपराध में चारों आरोपियों को भेजा गया रिमांड
- आरोपियों से 3 मोटर पम्प, सरिया कटिंग, वेल्डिंग और वाईब्रेटर मशीन जब्त

रायगढ़। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में चक्रधरनगर पुलिस द्वारा चोरी के दो मामलों में 3 चोर तथा चोरी की सम्पत्ति के खरीददार कबाड़ी को गिरफ्तार रिमांड पर भेजा गया है।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा द्वारा चोरी के माल मुल्जिम की पतासाजी के लिये दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक शनिप रात्रे द्वारा अपने स्टाफ को मुखबिर लगाकर पतासाजी का निर्देश दिया गया था। इसी क्रम में दिनांक 24/08/2022 को थाना चक्रधरनगर स्टाफ द्वारा मुखबिर से मिली सूचना कि पर संदेही मुकेश यादव निवासी पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा थाना चक्रधरनगर को हिरासत में लिया गया। पुलिस को सूचना मिली थी कि मुकेश यादव चोरी का सामान बिक्री के लिये कुछ लोगों से चर्चा किया है। पुलिस टीम द्वारा संदेही से कड़ी पूछताछ करने पर दिनांक 15.08.2022 के शाम ग्राम विश्वनाथपाली से भवन निर्माण सामग्री चोरी करना कबूल किया। आरोपी के मेमोरेंडम पर उसके घर में छिपा कर रखे हुए 1 नग सरिया काटने की मशीन,1 वाइब्रेटर मशीन, सरिया 8 नग जुमला कीमती करीब रु.50,000 का जप्त कर संबंधित नकबजनी के अजमानती अपराध क्रमांक 436/2022 धारा 457, 380 IPC में आरोपी मुकेश यादव पिता पितांबर यादव उम्र 33 वर्ष निवासी पहाड़ मंदिर कौहाकुंडा थाना चक्रधरनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी चक्रधर नगर निरीक्षक शनिप रात्रे के नेतृत्व में चोरी के माल मुलजिम की पतासाजी में महिला प्रधान आरक्षक राजश्री वैष्णव एवं हमराह स्टॉफ की अहम भूमिका थी।

चोरी के माल मुल्जिम की पतासाजी के क्रम में आज दिनांक 25.08.2022 को चक्रधरनगर पुलिस की टीम द्वारा पहाड़ मंदिर के पास संदेही युवक संतोष बरेठ निवासी कौहाकुण्डा थाना चक्रधरनगर को मेट्रो हास्पिटल के पास बंशीवट मैरिज गार्डन से मोटर पम्प चोरी के संदेह में हिरासत में लिया गया। संदेही संतोष बरेठ से पूछताछ करने पर अपने गांव के सिद्धेश्वर बहादुर के साथ मिलकर मोटर पंप की चोरी करना और पम्प को करिया कबाड़ी उर्फ अब्दुल अकरम निवासी पंजरी प्लांट चक्रधरनगर के पास बिक्री कर देना बताया। आरोपी से मिली जानकारी पर उसके साथी सिद्धेश्वर बहादुर को हिरासत में लेकर आरोपी करिया कबाड़ी के पास जाकर चोरी की 2HP के 2 नग किर्लोस्कर मोटर पंप एवं 3 HP का 1 किर्लोस्कर मोटर पम्प कीमती रु.30,000 जप्त किया गया। चोरी के संबंध में थाना चक्रधरनगर में दर्ज अप.क्र. 438/2022 धारा 379 IPC में एक से अधिक आरोपी होने पर प्रकरण में धारा 34 भादवि एवं चोरी की सम्पत्ति की खरीदी करने पर धारा 411 IPC जोड़कर आरोपी संतोष बरेठ पिता सुरेश बरेठ उम्र 30 वर्ष, सिद्धेश्वर बहादुर पिता संतोष बहादुर उम्र 19 वर्ष दोनों निवासी कौहाकुंडा पहाड़ मंदिर थाना चक्रधर नगर एवं अब्दुल अकरम पिता अब्दुल गफूर उम्र 45 वर्ष निवासी पंजरी प्लांट थाना चकरनगर को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। थाना प्रभारी शनिप रात्रे के नेतृत्व में माल मुल्जिम पतासाजी में प्रधान आरक्षक हेम प्रकाश सोन, आरक्षक चन्द्र कुमार बंजारे, संदीप मिश्रा, श्याम सुन्दर साहू एवं विक्रम कुजूर शामिल थे।

राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ के कई जिलों में हो सकती है बारिश

रायपुर (आरएनएस)। लगभग सप्ताह भर के सूखे के बाद गुरुवार से झमाझम वर्षा की संभावना बन रही है। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ क्षेत्रों में भारी वर्षा भी हो सकती है।

वर्षा न होने से तापमान लगातार चढ़ते जा रहा है। दिन की तेज धूप और उमस ने लोगो को परेशान कर रखा था। मौसम में परिवर्तन के साथ ही गर्मी-उमस से मुक्ति मिलने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, मानसून द्रोणिका के प्रभाव से गुरुवार को मौसम का मिजाज बदलेगा और रायपुर सहित प्रदेश भर में बादल छाए रहेंगे। साथ ही रात के समय वर्षा के भी आसार बने हुए है। एक जून से लेकर 24 अगस्त तक प्रदेश में 980.8 मिमी वर्षा हुई। यह सामान्य से 13 प्रतिशत अधिक है। बीजापुर में सर्वाधिक 2053.8 मिमी वर्षा हुई।

जबकि सरगुजा में सबसे कम 44.6 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। इस प्रकार प्रदेश में एक जिले में अति भारी वर्षा, 16 जिलों में अधिक वर्षा, पांच जिलों में सामान्य वर्षा और पांच जिलों में कम वर्षा हुई है। पिछले दिनों हुई वर्षा के कारण ही प्रदेश में अभी की स्थिति में मानसून की स्थिति में सुधार आया है।

बुधवार सुबह से रायपुर सहित प्रदेश में मौसम सामान्य रहा। प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में हल्की वर्षा हुई। देर शाम रायपुर सहित कुछ क्षेत्रों में मौसम का मिजाज बदला और तेज वर्षा भी हुई। इसके चलते उमस से भी राहत मिली। बुधवार को रायपुर का अधिकतम तापमान 32.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस अधिक है। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान एआरजी कुरुद में 34.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

रायपुर में अंतर्राज्यीय ड्रग्स सप्लायर गिरफ्तार

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी पुलिस ने 2 अंतर्राज्यीय ड्रग्स सप्लायर और उनका माल खपाने वाले सहित 3 आरोपियों को दबोच लिया। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राइम एवं सायबर यूनिट के तहत गठित नारकोटिक्स सेल की टीम को भरोसेमंद सूचना मिली कि थाना खम्हारडीह क्षेत्र के बीटीआई मैदान के पास कुछ लोग कार में अपने पास ड्रग्स रखे हैं और उसे बेचने की फिराक में हैं। खबर मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अपराध अभिषेक माहेश्वरी द्वारा प्रभारी एण्टी क्राइम एवं सायबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खम्हारडीह को आरोपियों को ड्रग्स के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर एण्टी क्राइम व सायबर यूनिट और थाना खम्हारडीह पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर जाकर मुखबिर द्वारा बताई कार की घेराबंदी की। कार में तीन लोग सवार थे। तीनों से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम सौरभ अग्रवाल निवासी रायपुर, आकाश भारद्वाज एवं गौरव सहगल निवासी दिल्ली बताया। टीम द्वारा कार की तलाशी लेने पर कार में ड्रग्स पाया गया। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से करीब एक लाख रुपये कीमत का 10 ग्राम ड्रग्स एवं घटना में प्रयुक्त लगभग 5 लाख रुपये कीमत की कार क्रमांक सीजी/04/एल जेड जप्त कर थाना खम्हारडीह में नारकोटिक्स एक्ट का अपराध दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही की गई। बताया गया है कि आरोपी गौरव एवं आकाश दिल्ली से ड्रग्स लाकर रायपुर में सौरभ के पास सप्लाई करते हैं और सौरभ ड्रग्स खपाता है। इस संबंध में गिरफ्तार आरोपियों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

उल्टी दस्त को न लें हल्कें में, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोग रखें विशेष ध्यान

- समस्या होने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम से तुरंत संपर्क करें लोग :सीएमएचओ डॉ.केशरी

रायगढ़। बरसात जारी है लेकिन बाढ़ के हालात फिलहाल नहीं हैं। जिन गांवों में पानी घुसा था वहां अब बाढ़ के बाद होने वाली बीमारियों की प्रबल संभावना है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए अपील की है कि लोग साफ-स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें। क्लोरीन टेबलेट का उपयोग करें।

प्रभावित इलाकों में मितानिन-आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर क्लोरीन के टेबलेट और जरूरी दवाओं का वितरण कर दिया गया है। मंगलवार को पुसौर क्षेत्र में सामान्य उल्टी-दस्त से दो लोगों की मृत्यु के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। मरने वालों में एक 55 वर्षीय जनप्रतिनिधि कैलाश पाइक और एक 36 वर्षीय युवा सुधाकर है। दोनों ही उल्टी दस्त की शिकायत हुई। समीप के निजी अस्पताल गए फिर वहां रायगढ़ के अस्पताल में लाने के दौरान ही दोनों की मौत हो गई।

36 वर्षीय मृतक के भाई महेश्वर सेठ ने बताया कि 24 अगस्त की सुबह उसके भाई सुधाकर को सुबह 3 बजे से उल्टी दस्त शुरू। 3-4 होने के बाद सुबह 8 बजे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, 11.30 बजे अपराहन उसे उच्च अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां अस्पताल पहुंचने पर उसकी गाड़ी में जाच में भाई को मृत बताया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने लोगों से अपील की है "वह उल्टी दस्त को हल्के में न लें। एक ही दिन में दो सामान्य उल्टी दस्त के मरीज की मौत हो गई है। जिन्हें भी उल्टी दस्त की समस्या है वह तुरंत डॉक्टर अथवा स्वास्थ्य विभाग की टीम से संपर्क करें। ओआरएस के घोल लेते रहें और शरीर को डिहाईड्रेट होने से बचाएं। हमारी टीम हर जगह मुस्तैद है। ग्रामीणों में टीम के द्वारा आवश्यक दवाओं का वितरण कर दिया गया है। फिलहाल गांव का एक भी व्यक्ति अस्पताल में भर्ती नहीं है।"

सुधाकर के गांव सुटुपानी के उपसरपंच एमबी गुप्ता ने बताया "गांव और आसपास के इलाके में पुसौर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सुधाकर सेठ के घर एवं पूरे गांव मं उल्टी दस्त के मरीजों की खोज के लिए भ्रमण किया गया जिसमें एक भी मरीज नहीं मिला। पूरे गांव में क्लोरिन की गोली का वितरण कर उसके उपयोग के बारे में बताया गया।मितानिन ने गांव में ओआरएस के पैकेट भी बांटे हैं और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव के पानी का सैंपल लिया गया है। फिलहाल गांव में उल्टी दस्त से ग्रसित कोई मरीज नहीं। पंचायत द्वारा भी लोगों को एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है।"

बरते जा रहें हैं एहतियात

कलेक्टर रानू के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी ने खंड चिकित्सा अधिकारियों, डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बाढ़ के बाद होने वाली बीमारियों को लेकर बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया " बाढ़ का पानी कम होने के बाद डायरिया, डेंगू और टायफाइड जैसी बीमारियों का प्रभाव बढ़ जाता है इसलिए यह बीमारियां गंभीर रूप न लें, इसके लिए जरूरी दवाओं को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाया जा चुका है। चूना और ब्लीचिंग छिड़काव हो रहे हैं।"

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480